भारत सरकार
आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3985
19 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

पुराने आवासीय क्वार्टरों का आकलन

†3985. डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पंचकुइयां रोड पर स्थित दो मंजिला टाइप-। क्वार्टरों की वर्तमान स्थिति की जानकारी है और यदि हां, तो उनके निर्माण वर्ष और उनकी संरचनात्मक सुदृढ़ता के बारे में किए गए आकलन का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि ये आवास जीर्ण-शीर्ण स्थिति में हैं और यदि हां, तो निवासियों की सुरक्षा और उनके रहने योग्य संबंधी चिंताओं को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं;

(ग) क्या सरकार का नई दिल्ली में सरोजिनी नगर और किदवई नगर में शुरू की गई पुनर्विकास परियोजनाओं की तर्ज पर इन फ्लैटों का पुनर्निर्माण करने का कोई प्रस्ताव है;

(घ) यदि हां, तो प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना के कार्यक्षेत्र सहित पुनर्निर्माण योजना का ब्यौरा क्या है और परियोजना को शुरू करने और पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा सहित अनुमानित लागत और वित्तपोषण के स्रोत क्या हैं; और

(ङ) मौजूदा ढांचों को गिराने का कार्य कब तक आरंभ हो जाएगा और नई संरचना का निर्माण कब तक पूरा हो जाएगा?

उत्तर
आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री
(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख): पंचकुइयां रोड पर दो मंजिला टाइप । क्वार्टरों का निर्माण वर्ष 1964 में किया गया था। 720 क्वार्टरों में से, 683 क्वार्टरों में लोग रह रहे हैं। इन क्वार्टरों को रहने योग्य

बनाने के लिए आवश्यकता पड़ने पर केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग द्वारा समय-समय पर इनका रखरखाव किया जाता है।

(ग) से (ङ): पंचकुइयां रोड पर पुनर्विकास परियोजना के संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

***